>

Title : Need to give procurement orders for supply of wagons to Simco Wagon factory situated in Bharatpur, Rajasthan by Railway Board.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर के अंतर्गत सिमको वैगन फैक्ट्री सभी प्रीक्वेलीफिकेशंस और अन्य मानदंडों को पूरा करती है। सन् 2010-11 के दौरान लगभग दो हजार वैगनों की आपूर्ति करने का क्रय आदेश दिया गया था। पिछले वर्ष रेलवे ने 2011-12 के रेलवे वैगनों को प्राप्त करने हेतु जो लक्ष्य रखे गए थे, वे भी पूरे नहीं हुए हैं। वर्तमान निविदा के अनुसार आधुनिक तकनीकी की ये फैक्ट्री सभी मानदंडों को पूरा कर रही है, परन्तु वर्तमान बजट को देखते हुए यह लगता है कि रेलवे द्वारा इस फैक्ट्री को क्रय आदेश देने के कार्य में ग्रहण सा लग रहा है। इससे भरतपुर में अप्रत्यक्ष रूप से 40 हजार एवं प्रत्यक्ष रूप से पांच हजार लोगों के परिवारों का रोजगार प्रभावित होगा। सिमको वैगन फैक्ट्री को क्रय आदेश नहीं देने से रेलवे क्षेत्र में कार्य करने वाले निजी क्षेत्र पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, जिसका असर हमारे रेलवे विकास एवं आर्थिक विकास पर भी पड़ेगा।

सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि रेलवे मंत्रालय द्वारा तत्काल हस्तक्षेप कर भरतपुर में स्थित सिमको वैगन फैक्ट्री को न्याय दिलाया जाए एवं रेलवे वैगन के वैगन आपूर्ति के क्रय आदेश दिलाए जाएं। माननीय पूर्व रेल मंत्री जी के द्वारा निर्धारित मिशन 2020 के अनुसार प्रतिवर्ष 29हजार वैगन के निर्माण का लक्ष्य रखा गया था, जिससे रेलवे के लक्ष्य एवं राजस्व प्राप्त हो सके, परन्तु अभी इस संबंध में कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है।

सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि मिशन 2020 के अनुसार वैगन के निर्माण का जो लक्ष्य रखा गया था, उसे पूरा किया जाए और भरतपुर के श्रमिकों को रोजगार दिलाया जाए।